राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 142/2022

राज्यपाल ने कैप्टन आनंद की शहादत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 18 जुलाई, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में ग्रेनेड ब्लास्ट में खगड़िया जिले के परबत्ता थानान्तर्गत नया गाँव निवासी कैप्टन आनंद के शहीद होने पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि यह घटना अत्यन्त दुःखद है और वह इससे मर्माहत हैं। उन्होंने कहा है कि कैप्टन आनंद की शहादत को देश हमेशा याद रखेगा।

राज्यपाल ने शहीद कैप्टन आनंद के परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....